पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक-30-03-2024

विषयः- नकबजनी की घटनाओं में लिप्त शातिर चोर, चोरी किये गये रूपये व घटना में इस्तेमाल की गयी छेनी के साथ थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा नकबजनी, चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 29.03.2024 को लंका पुलिस द्वारा नकबजनी के अभियोग में वांछित अभियुक्त विकास साहनी पुत्र सूरज साहनी निवासी बी 03/71 शिवाला, थाना भेलूपुर, वाराणसी को जजेज गेस्ट हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अपराध विवरण -

1. मु0अ0सं0 68/2024 धारा 457/380/411 भा0द0वि0, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 79/2024 धारा 457/380/411 भा0द0वि0, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. विकास साहनी पुत्र सूरज साहनी निवासी बी 03/71 शिवाला, थाना भेलूपुर, वाराणसी उम्र 24 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व समय- दिनांक -29/03/2024 को जजेज गेस्ट हाउस के पास, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी

विवरण बरामदगी

घटना में प्रयुक्त एक छेनी व माल बरामदगी 7600/ रूपये बरामद।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि साहब मैं आसपास के क्षेत्र के मकानों की घूम-फिर कर रेकी करता हूँ तथा जिन घरों में ताला बन्द होता है और देर रात तक ताला नहीं खुलता तो यह आश्ववस्थ होने के बाद कि घर में कोई मौजूद नहीं है बाउण्ड्री वाल फांदकर छेनी व राड से घरों का ताला तोड़ देता हूँ तथा घरों में रखे कीमती सामानों को चुरा कर ग्राहक ढुंढकर बेच देता हूँ। साहब इन्ही रूपयों से अपना गुजारा करता

हूँ। साहब मुझे माफ कर दीजिए मैं अधिक पैसे कमाने की लालच में आकर चोरी करने लगा था। आगे से ऐसी गलती नहीं करूंगा।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अजय कुमार, चौकी प्रभारी नगवाँ, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 राकेश कुमार यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 कमलेश राजभर, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 विजय भारत मौर्य, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त, कार्यालय

काशी-जोन कमि0 वाराणसी